बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,

संतोषमैन्शन, बी0–ब्लॉक, आर0पी0एस0 विधि महाविद्यालय के निकट,

रघुनाथपथ, दानापुर, पटना–801503

(वेबसाइट–www.bpssc.bih.nic.in)

महत्वपूर्ण सूचना

संदर्भः विज्ञापन संख्या–02/2019

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, बिहार, पटना द्वारा बिहार सरकार, परिवहन विभाग के अन्तर्गत वर्ष 2019 में प्रवर्तन अवर निरीक्षक (Enforcement Sub- Inspector) के पदों की रिक्तियों के विरूद्ध चयन हेतु विज्ञापन संख्या 02/2019 जारी किया गया है जिसके आलोक में दिनांक–03.12.2019 से 06.01.2020 तक अभ्यर्थियों का ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। उक्त विज्ञापन में उम्र सीमा की गणना दिनांक–01.08.2019 के आधार पर की गयी थी परन्तु कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के पत्रांक 212, दिनांक–23.01.2006 के आलोक में वैसे अभ्यर्थी जो दिनांक–01.08.2014 को सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा धारित करते हैं वे भी उम्र सीमा के आधार पर इस आवेदन–पत्र को भर सकते हैं।

पुनः बिहार सरकार, परिवहन विभाग के पत्र सं0–07/स्था0–121/2003, परि0 9372 दिनांक–19.12.2019 द्वारा सूचित किया गया है कि अधिकतम उम्र सीमा का कट–ऑफ डेट दिनांक–01.08.2005 किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः जो अभ्यर्थी दिनांक–01.08.2005 को सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा धारित करते हैं वे भी इस आवेदन–पत्र को भर सकते हैं।

अतः ऐसे अभ्यर्थी जो उपरोक्त संशोधित प्रावधान के आलोक में योग्य हैं वे दिनांक–07.01.2020 से दिनांक–11.01.2020 तक की अवधि में आयोग की वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन–पत्र भर सकते हैं।

विशेष कार्य पदाधिकारी,
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
बिहार, पटना।